कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 02.09.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

कन्या महाविद्यालय में

आईक्यूएसी एवं परिवहन अधिकारी के सौजन्य से डैन्जर्स एडवेचर्स अन्तर्वेद स्पोट्र्स लांगेस्ट

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में आईक्यूएसी एवं परिवहन अधिकारी के सौजन्य से विश्व शांति, विश्व पदयात्री/रथयात्री, पर्वतारोही के डैन्जर्स एडवेचर्स अन्तर्वेद स्पोट्र्स लांगेस्ट वर्ल्ड टूर बाई ऑन फुट जर्नी द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत यातायात नियमों के पालन की प्रेरणा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें श्री जितेन्द्र प्रताप, श्री महेन्द्र प्रताप, श्री गोविन्दा नंद एवं श्री निषाद जो कि गिनिज बुक लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड होल्डर हैं, ने छात्राओं को यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रेरित किया साथ ही छात्राओं ने विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासा दूर की। जिला यातायात कार्यालय, दुर्ग के श्री सुभाष बंजारे ने विभिन्न यातायात नियमों की जानकारी दी। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ0 अमिता सहगल ने कहा कि सड़क सुरक्षा का महत्व केवल दुर्घटनाओं को रोकने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सुरक्षित स्थिर और जिम्मेदार समाज के निर्माण में भी सहायक है।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने बताया कि हर नागरिक को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए और इसे अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। डॉ0 सुषमा यादव के अनुसार एक छोटी सी सतर्कता न केवल आपकी बल्कि दुसरों की जान भी बचा सकती है। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती ज्योति भरणे एवं धन्यवाद ज्ञापन सुश्री तब्बसुम अली ने किया।

टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।

A Sehgal

प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

आईक्यूएसी एवं परिवहन अधिकारी के सौजन्य से
डैन्जर्स एडवेचर्स अन्तर्वेद स्पोट्र्स लांगेस्ट